भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, गुरुवार 04 दिसंबर 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2। पया मो. 9993268143

कामधेनु भवन, भोपाल द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा धारकों ने पाँचवीं बार सौंपा ज्ञापन उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद अब तक नहीं मिली नियुक्ति

भोपाल स्थित कामधेनु भवन में आज दिनांक 3 दिसंबर 2025 को द्विवर्षीय पशुपालन (वेटेरिनरी) डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों ने अपने न्यायसंगत अधिकारों की माँग को लेकर पाँचवीं बार विभाग को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण, अनुशासित और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। वेटरनरी डिप्लोमा होल्डर एसोसिएशन के मनोज नागले ने बताया अभ्यर्थियों का मुख्य मुद्दा यह है कि एवीएफओ (ड्डस्नह्र) भर्ती 2024ङ्क25 के दौरान ही माननीय उच्च न्यायालय द्वारा डिप्लोमा धारकों को सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद पर नियुक्ति देने के स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं, किंतु विभाग द्वारा अब तक इन आदेशों का क्रियान्वयन नहीं किया गया है। साथ ही, जिन डिग्री धारकों को पूर्व में नियुक्ति प्रदान की गई थी तथा जिनकी नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम आदेश के अधीन थी, उन नियुक्तियों को अभी तक निरस्त नहीं किया गया है, और न ही उन पदों पर डिप्लोमा धारकों की नियुक्ति की गई है। मध्य प्रदेश वेटेरिनरी डिप्लोमा होल्डर्स एसोसिएशन की प्रमुख माँगें- माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय को तत्काल लागू किया जाए। एवीएफओ भर्ती 2024 को बिना विलंब पूर्ण किया जाए तथा पात्र-अपात्र सूची जारी कर योग्य अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए। जिन डिग्री धारकों की नियुक्ति न्यायालय के अंतिम आदेश के अधीन लंबित थी, उनकी नियुक्ति निरस्त कर, उनकी जगह डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति प्रदान की जाए। भविष्य में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (AVFO) पद पर भर्ती प्रक्रिया को भर्ती नियमों और न्यायालय के आदेशों के अनुरूप पूर्णतया डिप्लोमा धारक आधार पर किया जाए। अंत में, अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि यदि विभाग द्वारा शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है, तो आंदोलन को प्रदेशभर में व्यापक रूप दिया जाएगा, परंतु यह चरण भी पूरी तरह शांतिपूर्ण, संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से ही किया जाएगा। वेटरनरी डिप्लोमा होल्डर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नागले ने कहा कि

पशुपालन विभाग द्वारा 1 जून से 5 जून तक कुल 498 सफल अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन (Document Verification) कराया गया था। इनमें से 327 डिप्लोमा अभ्यर्थियों की पात्र/अपात्र सूची विभाग ने जारी कर दी है, परंतु शेष अभ्यर्थियों–अर्थात् डॉक्टर (डिग्री) वर्ग–के संबंध में आज दिनांक तक कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। इस पर गंभीर आपत्ति जताते हुए अभ्यर्थियों ने कहा कि विभाग की यह चुप्पी और जानकारी न जारी करना कई संदेहों को जन्म देता है। यह प्रश्न उठ रहा है कि– ÷विभाग किन कारणों या किस मंशा से डॉक्टर अभ्यर्थियों की जानकारी को सार्वजनिक करने से बच रहा है?÷ जबकि पारदर्शिता के मूल सिद्धांत के अनुसार, सभी अभ्यर्थियों की पात्रता/अपात्रता सूची एक साथ और समान रूप से जारी की जानी चाहिए थी, लेकिन केवल डिप्लोमा अभ्यर्थियों की सूची जारी कर शेष अभ्यर्थियों की जानकारी रोकना विभाग की नियत (इंटेंशन) पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इस बार के परिणाम में श्वस्क्र ने मुख्य मेरिट सूची के साथ 15त्न वेटिंग लिस्ट भी जारी की है। परंतु विभागीय स्थिति के अनुसार, पहली पोस्टिंग आदेश जारी होने के बाद पशुपालन विभाग में कुल 177 पद रिक्त रह जाएंगे। जारी वेटिंग सूची में केवल 90 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है, जबकि शेष अभ्यर्थियों–जिनके अंक वेटिंग सूची के अभ्यर्थियों के समान अथवा उनके बराबर हैं–को ÷द्यद्यश्2द्गस्र÷ दिखाया गया है। यह प्रक्रिया न केवल अस्पष्ट है बल्कि योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय जैसा प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा 177 पद रिक्त होने के बावजूद, केवल 90 वेटिंग उम्मीदवारों को मान्यता देना और समान अंक वाले अन्य अभ्यर्थियों को बाहर करना न्यायोचित तथा तर्कसंगत नहीं है। अतः विनम्र निवेदन है कि– पशुपालन विभाग एवं पशुपालन मंत्री जी, श्वस्क्र से परिणाम (Result) का पुनः संशोधन (Revised Result) माँगने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करें। रिक्त बचे 177 पदों के लिए समान अंक वाले सभी योग्य अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन (Verification) हेतु बुलाया जाए। पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, न्यायसंगत और समानता के आधार पर पूरा किया जाए।

इस बार के परिणाम में श्वस्क्र ने मुख्य मेरिट सूची के साथ 15त्न वेटिंग लिस्ट भी जारी की है। परंतु विभागीय स्थिति के अनुसार, पहली पोस्टिंग आदेश जारी होने के बाद पशुपालन विभाग में कुल 177 पद रिक्त रह जाएंगे। जारी वेटिंग सूची में केवल 90 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है, जबकि शेष अभ्यर्थियों–जिनके अंक वेटिंग सूची के अभ्यर्थियों के समान अथवा उनके बराबर हैं–को ÷हृश्ह्ल, द्यद्यश्2द्गस्र÷ दिखाया गया है। यह प्रक्रिया न केवल अस्पष्ट है बल्कि योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय जैसा प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा 177 पद रिक्त होने के बावजूद, केवल समान अंक वाले अन्य अभ्यर्थियों को बाहर करना न्यायोचित तथा तर्कसंगत नहीं है। अतः विनम्र निवेदन है कि– पशुपालन विभाग एवं पशुपालन मंत्री जी, ESB से परिणाम (Result) का पुनः संशोधन (Revised Result) माँगने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करें। रिक्त बचे 177 पदों के लिए समान अंक वाले सभी योग्य अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन (Verification) हेतु बुलाया जाए। पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, न्यायसंगत और समानता के आधार पर पूरा किया जाए।

जनपद शिक्षा केंद्र बुधनी में दिव्यांग बच्चों के लिए विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग सामर्थ प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

भोपाल हेडलाइंस 24 ब्यूरो चीफ छत्रपाल सिंह चौहान

जिसमें विकासखंड के समस्त दिव्यांग बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में रंगोली चित्रकला नींबू दौड़ चम्मच दौड़ कुर्सी दौड़ 100 मीटर की दौड़ मटकी फोड़ एवं कविता भाषण नृत्य आदि प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें बच्चों ने प्रथम द्वितीय तृत्तीय स्थान प्राप्त किया प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार सभी विधाओं में दिए गए साथ ही से सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार वितरण किए गए प्रतियोगिता का संचालन सीडब्ल्यूएसएन प्रभारी श्रीमती करुणा शर्मा द्वारा किया गया जिसमें बीआरसीसी मणि शंकर शर्मा बीएसी पूनम खत्री हरिनंदन डोलिया नीतू शर्मा महेश कुमार अहिरवार शैलेंद्र सिंह राजपूत बलवंत अहिरवार सविता पटेरिया मोहम्मद इरफान आदि ने प्रतियोगिता में सहयोग किया बीआरसीसी बुधनी ने संबोधित करते हुए कहा कि सही दिशा में किए गए प्रयासों से बच्चे अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं समावेशी शिक्षा एवं समानता पर जोर दिया गया सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मकता और कलात्मकता की प्रशंसा करते हुए पुरस्कार वितरण किए गए

डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर अधिवक्ता दिवस आयोजित

नर्मदापुरम। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म दिवस अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 3 दिसम्बर को जिला अधिवक्ता संघ सभागार में जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम ने कार्यक्रम आयोजित कर अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस पर शुभकामनायें दी। वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर,के के जराठे और प्रदीप चौबे ने अधिवक्ताओं के कार्य पर प्रकाश डाला। संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि अधिवक्ता दिवस पर कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने सीनियर अधिवक्ताओं का स्वागत कर मिष्ठान वितरित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद दीवान,पूर्व अध्यक्ष के के थापक, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे,जी आर सराठे, रामराज ठाकुर,मोहम्मद जाहिद, के के खंडेलवाल,मोर सिंह चौहान,दिलीप नामदेव,कन्हैया लाल मसानिया, योगेंद्र रावत, चैतन्य विश्वकर्मा, शासकीय अधिवक्ता शैलेंद्र गौर,विजया कदम, मालती वर्मा, शमशाद खान,अफरोजा खान, तारा मालवीय, संघ उपाध्यक्ष मनोज यादव,कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, ग्रंथपाल पी डी चौरे, कार्यकारिणी सदस्य सी के कुरापा, सौरभ तिवारी,अभिषेक दिक्षित, अधिवक्ता अजय तिवारी,बलवंत ठाकुर,राजा चौहान, सुरेंद्र राजपूत, रामकुमार दुबे, नितेश गौर, संजेश राजपूत, भूपेंद्र वर्मा, विश्वास सोनी, आदित्य तिवारी, सुरेंद्र राजपूत,अमित गुबरेले,केशव चौहान,श्रीप्रकाश दुबे, आशीष ठाकुर,अभिषेक शुक्ला,सचिन चौहान, माधव हरने,अनूप तोमर,जितेंद्र गौर,कल्पेश दुबे, योगेश पटेल, मनीष शर्मा, मुनेंद्र मंडलोई, किशन मीणा,विजय सराठे,सर्वेश शिवहरे,आशीष बिजोरिया, मोहन यादव, अनंत गौर, कैलाश राजपूत,दीपक अग्रवाल,विनीत वर्मा, मनोज चौधरी, शेखर रूसिया,राजेंद्र राजपूत,पुरुषोत्तम व्यास, राकेश बाथरे,रितेश विश्वकर्मा,जितेंद्र कौशिक,दिलीप ठाकुर,आशीष तिवारी,सुंदर वर्मा,ललित अहिरवार,उमेश दुबे,अनुराग दुबे,धर्मेंद्र यादव,धर्मेंद्र बेन,विजय व्यास, धर्मेंद्र दुबे,संदीप दुबे,प्रशांत राठोर,सचिन चौबे, राजेश मालवीय और भी अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्वेश्वर तिवारी ने किया और आभार संघ सचिव मनोज जराठे ने माना।

स्वदेशी जागरण रथ पहुंचा सिराली

भोपाल हेडलाइंस सिराली संवाददाता संजय योगी की खबर 7805953532

सिराली कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान मे नागपुर से निकली यात्रा हरदा जिले के सिराली पहुंची जिसमे वीडियो दिखाकर स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

स्थानीय ऐतिहासिक दाना बाबा मंदिर के पास रथ के द्वारा स्वदेशी अपनाओ राष्ट्रभक्ति दिखाओ के नारे के साथ स्वदेशी वस्तुओं की गुणवत्ता एवं भारत की आर्थिक स्थिति में उसके योगदान को दिखाने वाला वीडियो दिखाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए जागरूक किया गया एवं स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प दिलाया गया ।इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच हरदा जिला प्रभारी दीपक नेमा नगर परिषद अध्यक्ष अनीता अग्रवाल सरगम जैन राजेश अग्रवाल श्याम महेश्वरी वेद प्रकाश शर्मा रामकृष्ण कुशवाह मुकेश अग्रवाल कान्हा अग्रवाल राजू माहेश्वरी कैलाश अग्रवाल नवीन अग्रवाल मनल अग्रवाल गोलू मंसूरी राहुल पाल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया,एवं स्वदेशी रथ का भव्य स्वागत किया।

समाजसेवी व शिक्षाविद स्व. रामबाबू श्रवण जी की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह 4 दिसंबर को

भोपाल। सामाजिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले और शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय श्री रामबाबू श्रवण जी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 4 दिसंबर 2025 को आसारा वृद्ध आश्रम, बाबे अली ग्राउंड, नियर गोलघर, भोपाल में रखा गया है। कार्यक्रम में समाजसेवी, शिक्षाविद, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर दिवंगत रामबाबू श्रवण जी के जीवन एवं कृतित्व को याद करेंगे। आयोजकों ने बताया कि स्व. श्रवण जी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक सेवा, शिक्षा के प्रसार और जरूरतमंदों की सहायता में समर्पित किया। उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को स्मरण किया जाएगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने हेतु सभी समाजजन एवं श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रण है।

जरूरतमंदों को गजक के डिब्बे वितरित किए गए -रिंकू भटेजा

भोपाल हेडलाइंस ? शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल सदस्यों द्वारा अनेकों तरह से जरूरतमंदों की सेवा एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन लंबे समय से किया जाता रहा है, इसी को आगे बढ़ाते हुए मंडल सदस्यों द्वारा सड़क के किनारे अपना जीवन व्यतीत करने वाले जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु, भोलेनाथ के अर्पित किए हुए गजक के डिब्बे बांटे गए। इस पुनीत कार्य में रिंकू भटेजा , गुड्डू अग्रवाल ,योगेश श्रीवास्तव ,अवनीश श्रीवास्तव ,गजेंद्र ठाकुर ,प्रदीप सोनी सहित अनेकों मंडल सदस्य उपस्थित हुए।

मुनव्वर कौसर ने हमीदिया अस्पताल के मरीज़ों के साथ मनाया जन्मदिन

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव और ऑल इंडिया क़ौमी तंजीम के प्रदेश अध्यक्ष मुनव्वर कौसर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक प्रेरणादायक पहल की, उन्होंने अपना खास दिन किसी भव्य समारोह में मनाने के बजाय, भोपाल के प्रमुख हमीदिया अस्पताल में भर्ती मरीज़ों के साथ मिलकर मनाया और उन्हें भोजन वितरित किया,यह कार्य न केवल उनकी सादगी और संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि समाज सेवा की भावना उनके लिए कितनी महत्वपूर्ण है। उनका यह कदम क़ौमी एकता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। उनके इस नेक कार्य की अस्पताल प्रशासन, मरीज़ों और उनके अटेंडेंट्स ने दिल से सराहना की। मुनव्वर कौसर का यह जन्मदिन समारोह, सेवा और समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया, जो दूसरों को भी सामाजिक सरोकार के लिए प्रेरित करता है।

भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर इतवारा चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा, एंडरसन का पुतला दहन

भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी के अवसर पर आज भोपाल के इतवारा चौराहा पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहरवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गैस पीड़ित परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गैस पीड़ितों के मुख्य आरोपी वॉरेन एंडरसन का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर जनआक्रोश व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी एवं गैस पीड़ित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई कमेटी के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी शमशुल हसन बल्ली, राष्ट्रीय अध्यक्ष दानिश खान, प्रदेश अध्यक्ष तनवीर कुरेशी एवं प्रदेश प्रवक्ता आज़म हफीज ने की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला कार्यवाहक अध्यक्ष आसिफ़ ज़की एवं कमेटी के मीडिया प्रभारी आरिफ़ खान विशेष रूप से मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए शमशुल हसन बल्ली ने भावुक स्वर में कहा– ÷आज 41 साल बीत जाने के बाद भी भोपाल के ज़ख्म हरे हैं। हजारों परिवार आज भी उस काली रात के दर्द से बाहर नहीं निकल पाए हैं। यह केवल एक हादसा नहीं था, बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया सबसे बड़ा जुर्म था। आज भी पीड़ित परिवार इलाज, मुआवज़ा और सम्मानजनक पुनर्वास के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब तक गैस पीड़ितों को पूरा न्याय नहीं मिलेगा, तब तक हमारा यह संघर्ष जारी रहेगा। सभा के बाद एंडरसन का पुतला जलाकर दोषियों को सख्त सज़ा दिलाने और गैस पीड़ितों को पूर्ण न्याय दिलाने की ज़ोरदार मांग की गई।

करम का पाठ पढाती है गीता शासकीय संदिपानी विद्यालय चिडावद में गीता जयंती

संवाददाता राहुल झांजा

भोपाल हैडलाइंस टोंक खुर्द शासकीय सांदीपनि विद्यालय चिडावद में गीता जयंति पर विद्यालय के विद्यार्थियो ने सस्वर गीता का पाठ किया ।विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष मंडलोई ,उप प्राचार्य सुश्री रफअत कुरेशी मा.वि . के प्रधानाध्यापक श्री गणेश जोशी ने माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर गीता उत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत की । सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया । बालिकाओं की सुमधुर सरस्वति वंदना के पश्चात श्री सुन्दरलाल शर्मा ने स्वस्तिक वाचन किया । प्रेरक प्रसंग श्री बसंत यादव ने सुनाया । करीब 350 से अधिक विद्यार्थियों ने गीता जी के पंद्रहवे अध्याय के बीस शलोकों का पाठ किया । प्राचार्य मंडलोई जी ने गीता के महत्व को बताया वही उप प्राचार्य कुरेशी मैडम ने इसको भारतीय संस्कृति एवं अनुशासन से जोडकर अपना उद्बोधन दिया । श्री अनुराग ठाकुर , श्रीमती प्रियंका वर्मा , नरसिंह सोलंकी, नीतीन राठौर , जितेन्द्र जोशी ,दिलीप कुमार शर्मा आदि शिक्षकों ने भी अपने विचार रखकर आज के संदर्भ में गीता के महत्व को बताया । अंत में गीता जी की आरती की गई। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार शर्मा ने किया। । आभार वरिष्ठ शिक्षक श्री चन्द्र शेखर बैरागी ने माना ।इस गरिमामय कार्यक्रम में सभी शिक्षक साथियों का सराहनीय योगदान रहा ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.एल. शर्मा को जन्मदिन पर देशभर से शुभकामनाओं की बधाई

न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ में खुशी का माहौल, सदस्यों ने दी गर्मजोशी से बधाई

भोपाल हेडलाइंस न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डी.एल. शर्मा को आज उनके जन्मदिन के अवसर पर देशभर के पत्रकार साथियों, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। संघ के राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि श्री शर्मा पत्रकारिता जगत के एक सशक्त, प्रतिबद्ध और सदैव सक्रिय व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान की है। संघ के विभिन्न राज्यों से जुड़े सदस्य, जिला इकाइयाँ तथा मीडिया जगत से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने एक स्वर में कहा कि श्री डी.एल. शर्मा ने पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक उत्थान के लिए जो योगदान दिया है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। अवसर पर राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगा तथा पत्रकार हितों की रक्षा के लिए बड़ी पहलें होंगी।

स्पोर्ट्स चैंपियनशिप कुशवाह को किया सम्मानित

भोपाल हेडलाइंस विगत दिनों मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित रोइंग वॉटर स्पोर्ट्स नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता श्री भागीरथ कुशवाहा का आज प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय पर समाज के प्रांताध्यक्ष श्री योगेश कुशवाह ने भोपाल में स्मृति चिन्ह शाल और श्रीफल से सम्मानित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं समाज का नाम और रोशन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज के प्रदेश महामंत्री गोपाल कुशवाहा एवं प्रदेश सचिव राम नारायण चौहान सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

हिमालय आयुर्वेदिक जड़ी बूटी भंडार: वेद सत्यनारायण योगी से मिल रहा विभिन्न रोगों का आयुर्वेदिक उपचार

भोपाल हेडलाइंस सिराली संवाददाता संजय योगी की खबर 7805953532

हरदा। रहटगांव तहसील के ग्राम छिदगांव तमोली में स्थित हिमालय आयुर्वेदिक जड़ी बूटी भंडार में वेद सत्यनारायण योगी द्वारा आयुर्वेद आधारित चिकित्सा एवं उपचार की सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहाँ आने वाले मरीजों को पेट संबंधी समस्याओं–जैसे गैस, एसिडिटी, पेट दर्द, भूख न लगना, पेट की कमजोरी–से लेकर त्वचा विकार, शरीर की गर्मी, एलर्जी, अशुद्ध रक्त, लालङ्ककालेङ्कसफेद दाग तक के उपचार उपलब्ध हैं।
इसके साथ ही पुरुषों की गुप्त बीमारियाँ–शीघ्रपतन, धातु रोग, स्वप्नदोष, कमजोरी, इंद्रिय ढीलापन–और महिलाओं की समस्याएँ–सफेद पानी, मासिक धर्म में अनियमितता, गर्भाशय संबंधी सूजन, खून की कमी, हाथङ्कपैरों की सूजन, कैल्शियम की कमी तथा संतान न होना–आयुर्वेदिक पद्धति से देखी व नापी जाती हैं। वेद सत्यनारायण योगी द्वारा अपेंडिक्स, पथरी, हर्निया, बवासीर, फिशर, भगंदर, जोड़ों के दर्द, कमरङ्कघुटने के दर्द, चर्म रोग, किडनीङ्कलिवर की समस्या, हार्ट संबंधित परेशानी सहित अन्य दीर्घकालिक बीमारियों का भी समाधान उपलब्ध कराया जाता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, वेद योगी वर्षों से आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से उपचार कर रहे हैं और दूर-दूर से मरीज यहाँ पहुँचते हैं।
संपर्क-
वेद सत्यनारायण योगी
मोबाइल- 88397 44032
स्थान- ग्राम छिदगांव तमोली, तहसील रहटगांव, जिला हरदा (मध्य प्रदेश)

26 वे राष्ट्रीय रोप स्किपिंग एवं जंपिंग चैंपियनशिप 2025

भोपाल हेडलाइंस 26वे राष्ट्रीय रोप स्किपिंग एवं जंपिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन तेलंगाना राज्य द्वारा सिकंदराबाद शहर में किया गया था जिसमें मध्य प्रदेश के टीम द्वारा प्रतिभागिता की गई जिसमें पूर्ण मध्य प्रदेश के 80 बच्चो की सभा की तरह ही मध्य प्रदेश के रोज कीपिंग संगठन द्वारा यह टीम उनके मार्गदर्शन में गई इस मध्य प्रदेश की टीम को इस चैंपियनशिप की किताब मध्य प्रदेश की टीम को प्राप्त हुआ रोप स्किपिंग एसोशिएशन मध्य प्रदेश के सचिव शैलेश शुक्ला जी कोच कु. नेहा मेहर, कु. पलक नाझ के नेतृत्व में टीम ने यह किताब जिता है। इस टिम में क्वाश्वरु परिवार तथा जवाहर लाल नेहरू स्कुल की कुमारी तान्या विनोद विसे, कुमारी आरोही पांडे, कुमारी श्रेया सिन्हा एवं पार्थ देशमुख को 2-2 गोल्ड मेडल प्राप्त हुए है।

विश्व दिव्यांग दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

शाजापुर । विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला चिकित्सालय शाजापुर में श्री गंगा रक्तदान सेवा संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैलाशचंद्र फुलेरिया एवं उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही। श्री फुलेरिया ने कहा कि रक्तदान करना एक महान व पुनीत कार्य है। इसी भावना के साथ संगठन निरंतर समाजसेवा में अग्रसर है। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय सचिव सिद्दीकी खान, दैनिक बढ़ता विज्ञान के प्रधान संपादक श्री अरुणसिंह फुलेरिया, डॉ. एस. डी. जायसवाल, डॉ. आलोक सक्सेना, डॉ. नवीन झाला, सोनू फुलेरिया, प्रदीप फुलेरिया, अर्जुन नरवरिया, सहित अनेक गणमान्य लोग एवं युवा साथियों ने सहभागिता दर्ज कराई। रक्तदाताओं ने कहा कि ÷एक यूनिट रक्त कई जीवन बचा सकता है÷ इसलिए समाज के हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। अंत में आभार व्यक्त करते हुए संगठन ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

क्या निगम-मंडल में मिलेगी विंध्य क्षेत्र को जगह? वंदना द्विवेदी का नाम भाजपा में तेजी से उभरता

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल भारतीय जनता पार्टी विंध्य की प्रमुख समाजसेवी और प्रभावशाली महिला नेतृत्व श्रीमती वंदना द्विवेदी, जो विंध्य एकता परिषद मध्यप्रदेश भोपाल की प्रदेश अध्यक्ष, पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की प्रदेश महामंत्री तथा सर्व संजीवनी सेवा समिति भोपाल की अध्यक्ष के रूप में लंबे समय से संगठन और समाज के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, उनका नाम वर्तमान में निगम-मंडल की संभावित नियुक्तियों में प्रमुखता से चर्चा में है; वर्षों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी वंदना द्विवेदी ने विंध्य क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षिक और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया है, साथ ही उन्होंने शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, स्वास्थ्य जागरूकता एवं कमजोर तबकों तक सरकारी योजनाओं के लाभ को पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है; विंध्य क्षेत्र में उनके द्वारा संचालित अनेक सामाजिक अभियान, निशुल्क शिविर, रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम और जनजागरूकता पहलें लगातार लोगों को लाभान्वित कर रही हैं, जिसके चलते उनका जनाधार तेजी से बढ़ा है; राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वंदना द्विवेदी वर्षों से पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में अग्रणी रही हैं, ऐसे में यदि उन्हें भाजपा द्वारा किसी निगम-मंडल में जिम्मेदारी दी जाती है तो यह न सिर्फ उनके सामाजिक कार्यों की स्वीकृति होगी बल्कि विंध्य क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क और राजनीतिक प्रभाव को भी नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी; जनता और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय वंदना द्विवेदी को लेकर पार्टी के अंदर भी सकारात्मक तौर पर चर्चा हो रही है और माना जा रहा है कि उनका सक्रिय नेतृत्व विंध्य के विकास, महिलाओं की भागीदारी और भाजपा के जनाधार विस्तार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

अधिवक्ता क्रिकेट खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं व उज्वल भविष्य की कामना-देवेंद्र रावत

भोपाल विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत विधि प्रमुख व जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र रावत अपने साथी बालिस्ता रावत, केपी पाठक, अनिल गिरी, धर्मेंद्र अहिरवार के साथ बरकतउल्ला विश्व विद्यालय खेल मैदान पहुंचकर केसरी व रेड टीम के अधिवक्ता क्रिकेट खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, रावत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना, इस अवसर पर रावत ने कहा अधिवक्ताओं के हितों व अधिकारों के लिये सदैव कार्य करता रहूंगा ।

जंबूरी मैदान में संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का सातवां दिवस सम्पन्न

मुरलीधर महाराज ने सुनाया राम-केवट, शबरी और भरत प्रेम प्रसंग; भक्त भाव-विभोर

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल।जंबूरी मैदान में सकल समाज वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव के सातवें दिन अंतरराष्ट्रीय संत कथा वाचक मुरलीधर महाराज ने राम वनगमन प्रसंग में निषादराज गुह की भक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि ÷भगवान सहज स्नेह करते हैं, और जिसका मन प्रभु के अनुराग से भर जाता है, उसे हरिभजन के सिवा कुछ नहीं भाता। महाराज ने केवट और शबरी के चरित्र की व्याख्या करते हुए कहा कि ÷भगवान को प्रभुता नहीं, भाव से पाया जाता है। केवट ने चौदह वर्ष प्रतीक्षा की और शबरी ने भी वर्षों राम की राह देखी–दोनों भाव से भरे थे, इसी कारण परमात्मा ने उन्हें दर्शन दिए।÷ उन्होंने कहा कि ÷रामचरितमानस के प्रत्येक पात्र ने प्रभु से केवल भक्ति मांगी, संसार के सुख नहीं।÷
भरतङ्कराम मिलन प्रसंग पर महाराज बोले कि ÷भरत साक्षात राम प्रेम के स्वरूप हैं।÷ संगीतमय भजनों–धीरे-धीरे वो नाव चालता है, मेरी नैया में सीताराम, आदि पर भक्त झूम उठे और वातावरण भक्ति से सराबोर हो गया।
कथा स्थल पर सातवें दिन भी भारी भीड़ रही। विशाल पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और कई लोग बाहर बैठकर कथा का श्रवण करते रहे। प्रवक्ता बलवंत सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह महोत्सव सनातन संस्कृति, धार्मिक मूल्यों और संस्कारों के संरक्षण हेतु प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। यह आठवां वर्ष है और प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आयोजन समिति ने 25800 वर्गफीट का विशाल डोम, 2200 वर्गफीट व्यास मंच, पीने के पानी और प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की है। आज कथा श्रवण करने वालों में विधायक दिनेश गुर्जर, मुख्य संयोजक रमेश भगवती रघुवंशी, मुकेश, दर्शना शर्मा, वंदना पालीवाल सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक जन उपस्थित रहे, जिससे पंडाल पूर्णतः भरा हुआ दिखाई दिया

भोपाल गैस त्रासदी बरसी पर असमय दिवंगत हुये पुण्यात्माओं को दी श्रद्धांजलि एवं आसरा वृद्धजन सेवा आश्रम व सेवा भारती आनंद धाम में फल वितरण कर किया आशीर्वाद ग्रहण-देवेंद्र रावत

भोपाल विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत विधि प्रमुख अधिवक्ता देवेंद्र रावत ने भोपाल गैस त्रासदी बरसी पर असमय दिवंगत हुये पुण्यात्माओं को दी श्रद्धांजलि एवं आसरा वृद्धजन सेवा आश्रम व सेवा भारती आनंद धाम में सेव, केला, अमरूद फल वितरण कर वरिष्ठजनों से किया आशीर्वाद ग्रहण । देवेंद्र रावत ने बताया कि भोपाल गैस त्रासदी भारत की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में से एक है, जो 2 दिसंबर 1984 को मध्य प्रदेश के भोपाल में हुई थी, इस त्रासदी में यूनियन कार्बाइड अमेरिकी कंपनी के कारखाने से मेथिल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था, जिससे हजारों लोगों की मौत हो गई थी और लाखों लोग प्रभावित हुए थे । इस अवसर पर श्री हिन्दू उत्सव समिति (रजि.63) भोपाल के प्रवक्ता बालिस्ता रावत ने गैस पीड़ितों को उचित मुआवजा व प्रयाप्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की केंद्र व राज्य सरकार से की मांग । कार्यक्रम में विधि प्रकोष्ठ मंडल संयोजक अधिवक्ता केपी पाठक, अधिवक्ता अनिल गिरी, अधिवक्ता धर्मेंद्र अहिरवार व अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न

संतोष योगी की खबर 9993268143

बिहार सांस्कृतिक परिषद, भोपाल द्वारा भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आज 03 दिसंबर 2025 को सरस्वती देवी मंदिर परिसर में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम सायं 4 बजे आरम्भ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में परिषद सदस्यों, प्रवासी बिहारवासियों एवं सांस्कृतिक प्रेमियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत हुतात्माओं के प्रति दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी की चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित की गई।

स्वामी प्रकाशक मुद्रक एवं संपादक संतोष योगी द्वारा मां शारदा प्रिंटर्स मकान नंबर 28 कुमार पुरा चर्च रोड जिंसी चौराहा जहांगीराबाद भोपाल
मध्य प्रदेश से प्रकाशित 462008 से मुद्रित एवं मकान नंबर 549 अन्ना नगर हबीबगंज बीएचएल हजूर भोपाल मध्य प्रदेश 462023 से प्रकाशित सभी न्यायालय मामलों के लिए जिला न्यायालय भोपाल रहेगा